सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांक: 836/सो.आ.नि.–312/2019
दिनाँक: 19 नवम्बर, 2019

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिला विकास अधिकारी,
(गाजियबाद एवं गौतमबुद्धनगर को छोड़कर) उ0प्र0।

विषय: **सोशल आडिट प्रकिया के बारे में ग्राम वासियों की जागरूकता में वृद्धि किए जाने हेतु ग्राम सभा की बैठक की तिथि के एक दिन पूर्व विकास खण्ड की उन सभी ग्राम पंचायतों में जहॉ सोशल आडिट ग्राम सभा होनी है, में जन–जागरूकता रैली का आयोजन किए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आप अवगत हैं कि वित्तीय वर्ष 2019–20 के द्वितीय चरण के सोशल आडिट हेतु सोशल आडिट कार्य प्रकियाधीन है। सोशल आडिट के अन्तर्गत ग्राम सभा की बैठकों में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने हेतु कतिपय जनपदों द्वारा अभिनव प्रयोग के रूप में सोशल आडिट ग्राम सभा की बैठक की तिथि के एक दिन पूर्व ग्राम पंचायत जहॉ सोशल आडिट ग्राम सभा होनी है, में **जन–जागरूकता रैली का आयोजन** किया गया जिससे ग्राम सभा की बैठक में ग्राम वासियों की जन–सहभागिता में अधिक वृद्धि हुई। ऐसे प्रयासों को समस्त जनपदों में करने से निश्चय ही सोशल आडिट की उपयोगिता में वृद्धि होगी।

अतः सोशल आडिट प्रकिया के बारे में ग्राम वासियों की जागरूकता में वृद्धि किए जाने हेतु सोशल आडिट ग्राम सभा की बैठक की तिथि के एक दिन पूर्व विकास खण्ड की उन सभी ग्राम पंचायतों में जहॉ सोशल आडिट ग्राम सभा होनी है, में अधिकाधिक लोगों को शामिल करते हुए **जन–जागरूकता रैलियों का आयोजन** कराने का कष्ट करें जिससे सोशल आडिट में जनसहभागिता में वृद्धि हो तथा सोशल आडिट, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के उद्देश्यों की प्राप्ति में पूरी तरह सफल हो सके। इस कार्य में स्थानीय नागरिकों के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग प्राप्त करने का प्रयास किया जाए।

भवदीया,
Gupta 19/11/19
(कु0 रेखा गुप्ता)
निदेशक।

rakesh-19-20